# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 30 जून, 2024

अंक : 502



## वेकोलि में 53वीं कोल इंडिया लिमिटेड वेलफेयर बोर्ड की बैठक संपन्न



दिनांक 29 जून 2024 को वेकोलि में 53वीं कोल इंडिया लिमिटेड वेलफेयर बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने की। इस बैठक में सीआईएल की सभी अनुषंगी कोयला कंपनियों के वेलफेयर, खेलकूद, मेडिकल आदि के संबंध में वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए, कर्मियों को अधिक बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के विषय में चर्चा की गई। बैठक में वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी, कोल इंडिया लिमिटेड वेलफेयर बोर्ड के सदस्य तथा कंपनी प्रबंधन के अधिकारी-गण की उपस्थिति रही।



## पहली तिमाही में अभी तक का सर्वाधिक कोयला उत्पादन एवं कोयला प्रेषण




टीम वेकोलि के सामुहिक प्रयासों से वेकोलि ने 30 जून 2024 को समाप्त हुई पहली तिमाही (Q1) के दौरान, अभी तक का अपना, सर्वाधिक कोयला उत्पादन तथा कोयला प्रेषण का आंकडा हासिल किया है। टीम वेकोलि के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई।

## वेकोलि में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया





दिनांक 21 जून, 2024 को वेकोलि में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में योग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यालय में योग शिविर अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें कंपनी निदेशक मण्डल के सभी सदस्य उपस्थित हुए। आयोजित योग शिविर में अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे, महिला मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। सभी उपस्थित व्यक्तियों को शिविर के माध्यम से दैनिक जीवन में योग एवं योग - अभ्यास से होने वाले लाभ से अवगत कराया गया एवं अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में ख्याति प्राप्त योग प्रशिक्षकों द्वारा बेहद ही सरल एवं सहज अंदाज में उपस्थित जनसमूह को योग एवं प्राणायाम की क्रियाएं बताई गई। सभी उपस्थित जनों को योग को शिरोधार्य करते हुए योग – "स्वयं और समाज के लिए" थीम पर अमल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।





## वेकोलि में 51 वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न






वेकोलि की "51 वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिती" की बैठक दिनांक 18 जून, 2024 को वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी, उप-महानिदेशक खान सुरक्षा (उत्तरी अंचल) श्री एस. डी. चिद्दरवार, उप-महानिदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमी अंचल) श्री आर. ए. मीणा, खान सुरक्षा महानिदेशालय एवं वेकोलि त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति तथा कोल इंडिया लिमिटेड के सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई।

वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मियों की सुरक्षा, प्रबंधन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोयला खनन कार्यों में सुरक्षा के नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन से ही वेकोलि का विकास संभव है। सुरक्षा के मापदंडों का समुचित पालन आवश्यक है। उन्होंने सेफ्टी पर जागरूकता को बढ़ाने पर ज़ोर दिया। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित उप-महानिदेशक गण (खान सुरक्षा – पश्चिमी अंचल), श्री आर. ए. मीणा ने खदानों में सुरक्षा संबंधी सुझाव देते हुए वेकोलि द्वारा उठाए गए क़दमों की सराहना की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उप-महानिदेशक (खान सुरक्षा - उत्तरी अंचल), श्री एस. डी. चिद्दरवार ने वेकोलि की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए, सुरक्षा सम्बन्धी कार्यों को समय सारणी बनाकर योजनाबद्ध तरीके से करने की सलाह दी।

कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य श्री सी. जे. जोसफ़ ने कहा कि पिछले वर्षों में खदानों की सुरक्षा बढ़ी है। उन्होंने ऐसी बैठक और कम अंतराल पर करने का सुझाव दिया। बैठक में स्टैंडिंग कमिटी ऑन सेफ्टी (कोल) के सदस्य श्री. एन. आर. सराटकर ने अपने विचार रखे। उन्होंने सलाह दी कि गहन प्रशिक्षण देकर सेफ्टी के स्तर का विस्तार करें तथा विश्लेषण कर कर्मियों के कार्य पद्धति को और बेहतर करें।

इस अवसर पर खान सुरक्षा महानिदेशालय के निदेशक गण सर्वश्री नीरज कुमार, संदीप श्रीवास्तव, टी. श्रीनिवास, एस. पुट्टाराजू, पंकज जैन, विकाश जी. मेश्राम, अल्ताफ एच. अंसारी, के. रविन्द्र, मनोज कुमार गुप्ता, डॉ. कौशिक सरकार, वेकोलि त्रिपक्षीय सुरक्षा समिती के सदस्य सर्वश्री जीतेन्द्र मल्ल, महंगी यादव, भारत सिंह, नरेन्द्र ए. कुर्लेवार, कन्हैया सिंह, प्रमोद कुमार, सुनील मोहितकर, डी. वेंकटेशवरलु, प्रमोद अर्जुनकर, चौहान, तथा रविन्द्र थूने ने सुरक्षा के संबंध में अपने सुझाव दिए।

कोल इंडिया कार्पोरेट गीत के साथ प्रारंभ इस कार्यक्रम में सुरक्षा शपथ लेने के बाद खान-दुर्घटनाओं में शहीद श्रमिकों को मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गयी। स्वागत संबोधन महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं संरक्षण) श्री डी. बी. रेवतकर ने किया। वेकोलि में सेफ़्टी की स्थिति, वर्ष पर्यंत किए कार्यों तथा आगे की योजना पर मुख्य प्रबंधक (खनन) श्री सुधांशु श्रीवास्तव ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन वणी क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री आभाष चंद्र सिंह ने किया। बैठक में सुरक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी गण, वेकोलि के क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।







## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ़ फारेस्ट (वाइल्ड लाइफ) श्री महीप गुप्ता, IFS से की सदिच्छा भेंट



वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी तथा निदेशक (तकनीकी) श्री ए. के. सिंह ने दिनांक 20.06.2024 को महाराष्ट्र शासन के प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ़ फारेस्ट (वाइल्ड लाइफ) श्री महीप गुप्ता, IFS से नागपुर में सदिच्छा भेंट की। भेंट के दौरान, वेकोलि की परियोजनाओं एवं वन्य जीवन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान वेकोलि के महाप्रबंधक (फारेस्ट) श्री एस. के. जैना प्रमुखता से उपस्थित रहे।

## वेकोलि की प्रमुख सीएसआर पहल 'सुश्रुत' के लिए समझौता




सीएसआर के तहत वेकोलि द्वारा कई समाजोन्मुखी कार्य किए जाते है। इसी श्रृंखला में वेकोलि ने, सिकल सेल और थैलेसीमिया जैसे आनुवंशिक विकारों की रोकथाम के लिए, लोककल्याण डायग्नोस्टिक्स, नागपुर के साथ समझौता (MOU) किया है। यह समझौता वेकोलि की प्रमुख सीएसआर पहल – 'सुश्रुत' के क्रियान्वयन के लिए किया गया है।

समझौते पर वेकोलि की ओर से, महाप्रबंधक (सीएसआर / कल्याण) श्री अनिल कुमार सिंह और लोककल्याण डायग्नोस्टिक्स, नागपुर के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्री विनय अंबुलकर द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

